RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | सोमवार, 2 नवंबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 152

अमेरिका के फ्लोरिडा में प्लेन क्रैश, 9 की मौत


फ्लोरिडा, अमेरिका



गिरते ही आग के गोले में बदला, सड़क पर लगी आग

- 9 लोगों की मौत
- बिजनेस जेट था
- टेक्सास से बहामास जा रहा था
- ट्रंप के मार-ए-लागो आवास से ~14 किमी दूर

आखिरी समय में पायलट ने 'मेडे' कॉल दी



"हम 8 हजार फीट नीचे जा रहे हैं... मेडे, मेडे... हम 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहे हैं। हम जमीन से टकराने वाले हैं।"

30 हजार/मिनट की रफ्तार से नीचे गिरा विमान



- हादसे से पहले विमान 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था।
- बर्फ जमने, बारिश और तेज झटकों का सामना करना पड़ा।
- इसके बाद 30 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिरा।

हादसे की अहम बातें

- विमान सड़क के पास गिरते ही आग के बड़े गोले में बदल गया।
- टक्कर से सड़क किनारे जमीन में बड़ा गड्ढा बन गया।
- दावा: क्रैश से पहले विमान बिजली की लाइन से टकराया, अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की।

जांच में जुटी एजेंसियां

FAA — फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने जांच के लिए टीम भेजी।

NTSB — नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (NTSB) हादसे की विस्तृत जांच करेगा।

अमेरिका में हाल के प्लेन क्रैश

- **30 अक्टूबर 2026:** हवाई के वाइमिया में 5 लोगों को ले जा रहा छोटा विमान क्रैश।
- **13 अक्टूबर 2026:** विस्कॉन्सिन के डेलोना में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 6 की मौत।
- **15 जुन 2026:** कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर विमान क्रैश, 8 लोग मारे गए।
- **30 अप्रैल 2026:** टेक्सास के विम्बरली के पास सेसना 421C क्रैश, सभी 5 की मौत।

बड़ा सवाल?

क्या बार-बार हो रहे प्लेन क्रैश अमेरिका की उड्डयन सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक का संकेत हैं?

FACT CHECK बताई गई जानकारी AFP, अमेरिकी परिवहन मंत्री के बयान और आधिकारिक एजेंसियों (FAA, NTSB) के जारी अपडेट पर आधारित है। 'बिजली की लाइन से टकराने' का दावा अभी पुष्टि के अधीन है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | सोमवार, 2 नवंबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 152

पर्स चुराने वाला ऑटो चालक 12 दिन बाद गिरफ्तार

ऑटो की स्टाइलिश स्टेपनी बनी पहचान का सुराग; पहले भी महिलाओं से कर चुका था चोरी




इंदौर, मध्यप्रदेश | इंदौर के तिलक नगर क्षेत्र में महिला का जेवरों से भरा पर्स चुराने वाले ऑटो चालक को पुलिस ने 12 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मदद के बहाने महिला की बेटी का बैग अपने पास रखा और उसमें से सोने-चांदी के जेवरों से भरा पर्स निकाल लिया था। घटना 21 अक्टूबर की है। पीड़िता अपनी बेटी के साथ देवगुराड़िया जा रही थी। ऑटो का नंबर नहीं होने से पुलिस को तलाश में परेशानी हुई, लेकिन ऑटो के पीछे लगी स्टाइलिश स्टेपनी से पुलिस को सुराग मिला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी सोनू लोगारे की पहचान हुई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के जेवर बरामद कर लिए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पीथमपुर और सराफा क्षेत्र में भी इसी तरह की 2 वारदात कर चुका है और पहले जेल जा चुका है।

इंदौर में 60 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में दंपती पर FIR

जमीन गिरवी रखकर लिया लोन, फिर दूसरे को बेचने का आरोप; पैसे मांगने पर दी झूठे केस में फंसाने की धमकी



बिजलपुर, इंदौर | इंदौर में जमीन गिरवी रखकर 60 लाख रुपए का लोन लेने और बाद में उसी जमीन को दूसरे लोगों को बेचने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की पहचान हकीमुद्दीन सैफी और पत्नी फातिमा सैफी के रूप में हुई है।

शिकायत के मुताबिक, दंपती ने 21 दिसंबर 2022 को बिजलपुर स्थित 1,500 वर्गफीट का प्लॉट गिरवी रखकर सोलफुल निधि लिमिटेड से 60 लाख रुपए लिए थे। आरोप है कि बाद में 5 दिसंबर 2023 को कथित फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हुसैना और ज़हरा रसूलवाला को बेच दी। कंपनी संचालक ने लोन की रकम मांगी तो दंपती पर धमकी देने का भी आरोप है। पत्नी ने कथित तौर पर कहा, "हम पैसे नहीं देंगे, झूठे केस में फंसा देंगे।" डीसीपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महू में सेना ने दिखाए 3 अत्याधुनिक ड्रोन


नागास्त्र 15 किमी दूर तक करेगा हमला, तेज रफ्तार ड्रोन से दुश्मन की गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर

महू , मध्य प्रदेश | महू के इन्फैंट्री स्कूल में आयोजित 'रणवीर 8.0 मैराथन' के दौरान भारतीय सेना ने 3 आधुनिक ड्रोन प्रदर्शित किए। इनका इस्तेमाल युद्ध के मैदान में निगरानी, हमला और सैनिकों तक जरूरी सामान पहुंचाने के लिए किया जाएगा। प्रदर्शित ड्रोन में नागास्त्र-1 शामिल है, जो 15 किमी दूर तक हमला कर सकता है।

दूसरा 7 इंच का एफपीवी ड्रोन 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़कर 1.5 किमी तक निगरानी कर सकता है।

तीसरा ड्रैगन रसद ड्रोन महू के इन्फैंट्री स्कूल में तैयार किया गया है। यह 15 किलो वजन लेकर 45 मिनट तक उड़ सकता है और दुर्गम चौकियों तक जरूरी सामान पहुंचाने में मदद करेगा।

प्रदर्शनी में युवाओं और नागरिकों को स्नाइपर राइफल, रॉकेट लॉन्चर और युद्धक टैंक भी दिखाए गए।





RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | सोमवार, 2 नवंबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 152

21 लाख रुपए के नशे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

एक आरोपी 4 साल तक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव रहा; 1 किलो अल्प्राजोलम और 500 ग्राम अफीम जब्त

मंदसौर, मध्य प्रदेश | मंदसौर की सिटी कोतवाली पुलिस ने 21 लाख रुपए के मादक पदार्थों के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 किलो अल्प्राजोलम और 500 ग्राम अफीम जब्त की है।

पुलिस ने शिवना नदी के पास समीर शेख को पकड़ा। पूछताछ में उसने शाहरुख से नशे की खेप लाने की बात बताई, जिसके बाद दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि समीर बी-फार्मा करने के बाद करीब 4 साल तक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव रहा था। दोनों आरोपियों को 5 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब तस्करी के नेटवर्क और नशे के स्रोत का पता लगा रही है।



पहले बिक चुके प्लॉट पर फर्जी दस्तावेजों से 60 लाख का लोन

इंदौर में दंपती पर धोखाधड़ी का केस दर्ज; फर्जी रजिस्ट्री और आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह से जुड़े होने का आरोप

बिजलपुर, इंदौर | इंदौर क्राइम ब्रांच ने पहले से बिक चुके प्लॉट के फर्जी दस्तावेज जमा कर 60 लाख रुपए का लोन लेने के आरोप में हकीमुद्दीन सैफी और उसकी पत्नी फातिमा सैफी के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

शिकायत के अनुसार, दंपती ने सोलफुल निधि लिमिटेड से लोन लेते समय बिजलपुर स्थित प्लॉट नंबर 461 के दस्तावेज गिरवी रखे थे। जांच में पता चला कि यह प्लॉट 5 दिसंबर 2023 को ही हुसैना और जहरा रस्सीवाला को बेचा जा चुका था।आरोपियों पर फर्जी रजिस्ट्री और नकली आधार कार्ड बनाने वाले संगठित गिरोह से जुड़े होने का भी संदेह है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, दंपती के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें भी सामने आई हैं।





अवैध शराब तस्करी रोकने पहुंचे टीआई को ट्रक ने कुचला, मौत

नेमावर रोड पर चेकिंग के दौरान हादसा; शराब से भरे ट्रक को रोकने की कोशिश में गई खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी की जान

खातेगांव,देवास| देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी की नेमावर रोड हाईवे पर ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। वे पुलिस टीम के साथ अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शराब ले जा रहे एक ट्रक को रोकने के दौरान चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और टीआई दिलीप पुरी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ट्रक में शराब की मात्रा, तस्करी के नेटवर्क और चालक की गिरफ्तारी को लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।




गश्त छोड़कर बदमाश के साथ शराब पीते मिले पुलिसकर्मी

रहवासियों ने सीसीटीवी फुटेज के साथ की शिकायत; एएसआई, हेड कांस्टेबल और एफआरवी पायलट के खिलाफ जांच के आदेश

बिहाड़िया, इंदौर | इंदौर के तिलक नगर थाने की डायल-112 एफआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों पर गश्त छोड़कर जेल से छूटे बदमाश के साथ शराब पीने का आरोप लगा है। घटना शनिवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच खुड़ैल थाना क्षेत्र की ताज कॉलोनी में हुई।

रहवासियों के मुताबिक, बिना नंबर की बाइक से पहुंचे बदमाश ने पुलिसकर्मियों के साथ खुले मैदान में शराब पी। इस दौरान पूरी गतिविधि कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। रहवासियों ने फुटेज के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। मामला सामने आने के बाद तिलक नगर टीआई मनीष लोधा ने एएसआई श्रीराम परमार, हेड कांस्टेबल विनोद सक्सेना और एफआरवी पायलट के खिलाफ रोजनामचे में रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।





RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | सोमवार, 2 नवंबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 152

हैदराबाद में एग डोनेशन रैकेट का खुलासा, 43 महिलाएं रेस्क्यू

हर डोनेशन साइकिल के लिए 20 से 30 हजार रुपए का लालच; 9 आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, तेलंगाना | हैदराबाद में पुलिस ने अंतरराज्यीय एग डोनेशन रैकेट का खुलासा कर 43 महिलाओं को रेस्क्यू किया है। कार्रवाई के दौरान अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, महिलाओं को आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाकर इस नेटवर्क में शामिल किया जा रहा था।

जांच में सामने आया कि पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा की महिलाओं को हर डोनेशन प्रक्रिया के लिए 20 से 30 हजार रुपए देने का लालच दिया गया था। पुलिस ने छापेमारी में हार्मोनल इंजेक्शन, गोलियां, सिरिंज, दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। तीन मामले दर्ज कर मेडिकल रिकॉर्ड, पैसों के लेन-देन और आईवीएफ सेंटरों से संभावित संबंधों की जांच की जा रही है।



मध्यप्रदेश में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा संपन्न

4 शहरों के 83 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा, इंदौर में सबसे ज्यादा 39 केंद्र बनाए गए; मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान के 50 सवाल पूछे गए

मध्यप्रदेश | मध्यप्रदेश में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा रविवार, 1 नवंबर को संपन्न हुई। परीक्षा इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के कुल 83 केंद्रों पर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की गई। प्रदेशभर में करीब 33 हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने का अनुमान था।

इंदौर में सबसे ज्यादा 39 केंद्र बनाए गए थे, जबकि भोपाल में 19, जबलपुर में 14 और ग्वालियर में 11 केंद्रों पर परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को । आसान बताया। अभ्यर्थी अशोक डांगी ने अच्छे परिणाम की उम्मीद जताई, वहीं पिंकी दिखाना ने बताया कि प्रश्नपत्र में कानून और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे गए थे। परीक्षा के दौरान तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश के समय जांच और अभ्यर्थियों की पहचान के लिए जैविक पहचान प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। प्रश्नपत्र में मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान के 50 सवाल शामिल थे। गलत उत्तर देने पर अंक काटने का प्रावधान भी था। यह परीक्षा पहले 18 अक्टूबर को प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख बदलकर 1 नवंबर कर दी गई थी।



सुप्रीम कोर्ट से पूर्व CJI के बेटों को झटका

2007 के शेयर सौदे और दिल्ली में प्रॉपर्टी खरीद की होगी जांच, 4 अपीलें खारिज

नई दिल्ली | सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश वाईके सभरवाल के बेटों चेतन और नितिन सभरवाल की आयकर मामले से जुड़ी 4 अपीलें खारिज कर दी हैं। अदालत के इस फैसले के बाद वर्ष 2007 के शेयर सौदे और दिल्ली के सिकंदरा रोड पर संपत्ति खरीद से जुड़े मामलों में आयकर विभाग की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। मामले में आयकर विभाग ने शेयर बिक्री और प्रॉपर्टी खरीद से जुड़े लेन-देन की जांच की थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इन वित्तीय सौदों की जांच का रास्ता साफ हो गया है।



पुलिस चेकिंग देखकर नशे में धुत कार चालक ने लिया यू-टर्न, पेड़ से टकराई गाड़ी

इंदौर में चेकिंग से 300 मीटर पहले तेज रफ्तार में मोड़ी कार, टक्कर के बाद खुले सुरक्षा गुब्बारे; चालक हिरासत में

कनाड़िया, इंदौर | इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस चेकिंग देखकर एक कार चालक ने पकड़े जाने के डर से अचानक यू-टर्न ले लिया। चेकिंग पॉइंट से करीब 300 मीटर पहले तेज रफ्तार में कार मोड़ने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सुरक्षा गुब्बारे खुल गए और चालक की जान बच गई। पुलिस के मुताबिक, चालक हुजैफा पिता अब्दुल कय्यूब निवासी राऊ शराब के नशे में था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर लापरवाही से वाहन चलाने और नशे में वाहन चलाने के मामले में दो अलग-अलग अपराध दर्ज किए हैं।

वहीं, रविवार अलसुबह विजयनगर थाना क्षेत्र के रेडिसन चौराहे पर दो कारों की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए। एक कार में सवार युवक और युवती वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस दोनों मामलों में कार्रवाई कर रही है।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | सोमवार, 2 नवंबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 152



La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore
Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE
Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU

Senior Luxury Living

SBS
Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्वामी सौरभ सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्प्लेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, पान्धा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वामीम सेंगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)